सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, सोमवार, 10 अगस्त 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 1

देश

## साँखी गांव में दर्दनाक हादसा: ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। तहसील छाता क्षेत्र के गांव साँखी में 8 अगस्त 2026 को करीब 11:30 बजे एक बेहद दर्दनाक और दुखद हादसा सामने आया। गांव निवासी प्रिंस, पुत्र श्री नेत्रपाल सिंह की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।हादसे की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसा किस परिस्थितियों में हुआ, इसकी पूरी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय स्तर पर घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई।

### एक नज़र में

UGC एवं जातिगत आरक्षण के विरोध में मेहरौली से मथुरा तक पदयात्रा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा रक्त लिखित ज्ञापन।
क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति द्वारा इस मानसून सत्र का पांचवा वृक्षारोपण अभियान पोंधा क्षेत्र मे स्थित गुरुकुल आश्रम मे संपन्न किया गया।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## UGC एवं जातिगत आरक्षण के विरोध में मेहरौली से मथुरा तक पदयात्रा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा रक्त लिखित ज्ञापन।




संवाददाता कीर्ति पुरोहित मथुरा। UGC एवं जातिगत आरक्षण के विरोध में आज 9 अगस्त 2026 को गांव मेहरौली से मथुरा स्थित जिलाधिकारी कार्यालय तक पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे गांव मेहरौली से होगा। पदयात्रा के माध्यम से आरक्षण व्यवस्था में बदलाव एवं जातिगत आरक्षण के विरोध में आवाज उठाई जाएगी।आयोजकों के अनुसार पदयात्रा के दौरान राष्ट्रपति के नाम रक्त से लिखित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। इस पदयात्रा में करणी सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सवर्ण समाज के लोगों के शामिल होने की अपील की गई है।पदयात्रा के संयोजक समस्त करणी सेना एवं सवर्ण समाज हैं। वहीं निवेदक कुंवर एन.पी. सिंह (राणा जी) एवं विजय राघव जी हैं।

देश

## क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति द्वारा इस मानसून सत्र का पांचवा वृक्षारोपण अभियान पोंधा क्षेत्र मे स्थित गुरुकुल आश्रम मे संपन्न किया गया।




इस अवसर पर बांस के 75 से 80 वृक्षों का रोपण गुरुकुल आश्रम के अंदर की बॉउंड्री वाल के साथ साथ किया गया।समिति के अध्यक्ष राम कपूर ने कहा कि इस वर्ष जुलाई मे हुई अत्यधिक वर्षा के कारण गुरुकुल आश्रम के एक हिस्से का पूरा पुश्ता टूट गया औऱ आश्रम मे अत्यधिक नुकशान हुआ जिसकी वजह से बांस के पेड़ों को लगाने की आवश्यकता महसूस हुई। बांस के वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते है। अतः गुरुकुल आश्रम के आचार्य जी नें समिति से सिर्फ बांस के वृक्षों को ही लगाने का अनुरोध किया।गुरुकुल प्रबंधन नें समिति द्वारा लगातार किया जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रमों की प्रशंसा की।